प्रेस-विज्ञप्ति दिनांक 15.07.2026

## स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

***मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम का विशेष अभियान, डेंगू-मलेरिया से बचाव हेतु दवाई का छिड़काव जारी***

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से दवाई का छिड़काव कर रही है।

अभियान के तहत मच्छर उन्मूलन दल द्वारा मैलाथियान, टेमीफास एवं जला ऑयल का छिड़काव नालियों, कूलरों, शौचालयों, बाथरूमों तथा जलभराव वाले स्थानों पर किया जा रहा है। साथ ही घरों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर जहां भी बरसाती पानी का जमाव पाया जा रहा है, उसे तत्काल हटाने एवं खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास अनावश्यक जलभराव न होने दें, कूलरों का पानी नियमित रूप से बदलें तथा साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि डेंगू एवं मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके।

नगर पालिक निगम भिलाई का यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। निगम प्रशासन ने कहा है कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम में नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी क्षेत्र में जलभराव, गंदगी अथवा मच्छरों की अधिकता दिखाई देती है, तो इसकी सूचना तत्काल नगर निगम को दें, जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

संलग्न-फोटो जनसम्पर्क अधिकारी

